# राजस्थान प्लेटफॉर्म आधारित गिग कर्मकार (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023

## प्रिलिम्स के लिये:

[गिग इकॉनमी](), गिग वर्कर्स, [ई-कॉमर्स](), [सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020,]() श्रम अधिकार

## मेन्स के लिये:

**भारत में गिग इकॉनमी, भारत में गिग वर्कर्स से जुड़े मुद्दे, गिग वर्कर्स के लिये सामाजिक सुरक्षा ब्लैंकेट**

## चर्चा में क्यों?

हाल ही में राजस्थान विधानसभा ने गिग वर्कर्स को [सामाजिक सुरक्षा]() **लाभ प्रदान करने के उद्देश्य से एक महत्त्वपूर्ण विधेयक पारित किया है।**

- इस विधेयक का उद्देश्य गिग वर्कर्स के लिये सुरक्षा और लाभों की कमी को दूर करना है, जिन्हें पहले ओला, उबर, स्विगी, ज़ोमैटो और अमेज़न जैसी कंपनियों के **कर्मचारियों के बजाय "साझेदार" के रूप में वर्गीकृत किया गया था।**
- इससे पूर्व [सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020]() में गिग वर्कर्स के लिये जीवन, विकलांगता, स्वास्थ्य लाभ और अन्य सहित सामाजिक सुरक्षा निधि को अनिवार्य किया गया था।

## राजस्थान प्लेटफॉर्म-आधारित गिग कर्मकार (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक, 2023:

- **परिचय:**
  - राजस्थान प्लेटफॉर्म-आधारित गिग कर्मकार (पंजीकरण और कल्याण) विधेयक अर्थव्यवस्था में **गिग वर्कर्स के महत्त्वपूर्ण योगदान** को स्वीकार करता है एवं इसका उद्देश्य उन्हें आवश्यक सुरक्षा तथा सहायता प्रदान करना है।
  - इस विधेयक का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में काम करने वाले **गिग वर्कर को सामाजिक सुरक्षा और कल्याण लाभ प्रदान करना है।**
- **मुख्य बिंदु:**
  - **गिग वर्कर्स का पंजीकरण:**
    - विधेयक सभी **गिग वर्कर्स को श्रम नियमों के अंतर्गत लाने के लिये राज्य सरकार के साथ पंजीकरण को अनिवार्य बनाता** है।
    - राज्य सरकार राजस्थान में कार्य करने वाले सभी गिग वर्कर्स का एक व्यापक डेटाबेस बनाए रखेगी।
    - प्रत्येक गिग वर्कर को एक **विशिष्ट आईडी** दी जाएगी जिससे उसके **रोज़गार की जानकारी और अधिकारों पर नज़र** रखने में सुविधा होगी।
  - **सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच:**
    - गिग वर्कर को अनेक सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक पहुँच प्रदान की जाएगी।
    - इन योजनाओं में **स्वास्थ्य बीमा, दुर्घटना कवरेज और आपात स्थिति के दौरान वित्तीय सहायता** प्रदान करने के साथ-साथ अन्य कल्याणकारी उपाय शामिल हो सकते हैं।
  - **शिकायत निवारण तंत्र:**
    - यह विधेयक सुनिश्चित करता है कि गिग वर्कर को उसकी किसी भी **शिकायत को सुनने और उसका समाधान करने का अधिकार** है।
    - यह प्रावधान **गिग वर्कर्स के अधिकारों की रक्षा** और उन्हें **काम से संबंधित मुद्दों को हल करने के लिये एक मंच** प्रदान करता है।
  - **प्लेटफार्म-आधारित गिग वर्कर कल्याण बोर्ड की स्थापना:**
    - यह बोर्ड राज्य में **गिग वर्कर के कल्याण और अधिकारों की देखरेख** के लिये ज़िम्मेदार होगा।
    - कल्याण बोर्ड में **राज्य के अधिकारी, गिग वर्कर्स और एग्रीगेटर्स के प्रत्येक पाँच प्रतिनिधि और दो अन्य (एक सिविल सोसाइटी से और दूसरा जो किसी अन्य क्षेत्र में रुचि रखता है)** शामिल हैं।
      - नामांकित सदस्यों में कम-से-कम एक-तिहाई महिलाएँ होनी चाहिये।
    - इस प्रतिनिधित्व का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कल्याण और विनियमन से संबंधित निर्णय लेते समय **दोनों पक्षों के**

हितों पर विचार किया जाए।

- **प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर कोष और कल्याण शुल्क:**
  - यह बिल गिग वर्कर्स के लिये सामाजिक सुरक्षा उपायों को वित्तपोषित करने हेतु **"प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर कोष और कल्याण शुल्क"** पेश करता है।
  - इस कोष का उपयोग चुनौतीपूर्ण समय के दौरान गिग वर्कर को **वित्तीय सहायता एवं कल्याण लाभ** प्रदान करने के लिये किया जाएगा।
- **एग्रीगेटर्स पर लगाया जाने वाला शुल्क:**
  - **एग्रीगेटर्स को प्लेटफॉर्म-आधारित गिग वर्कर से जुड़े प्रत्येक लेन-देन के लिये शुल्क का भुगतान** करना होगा।
  - कल्याण कोष में योगदान के लिये **शुल्क का विशिष्ट प्रतिशत** राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
- **गैर-अनुपालन के लिये दंड:**
  - विधेयक में एग्रीगेटर्स द्वारा अनुपालन न करने की स्थिति में दंड का प्रावधान शामिल है।
  - समय पर कल्याण शुल्क का भुगतान करने में विफल रहने वाले **एग्रीगेटर्स से नियत तिथि से 12% प्रतिवर्ष की दर से ब्याज** लिया जाएगा।
  - राज्य सरकार एग्रीगेटर्स द्वारा अधिनियम के **पहली बार उल्लंघन के लिये 5 लाख रुपए तक और बाद के उल्लंघन के लिये 50 लाख रुपए तक का जुर्माना** लगा सकती है।







//

## गिग वर्कर:

- एक 'गिग वर्कर' को वर्तमान में ऐसे व्यक्ति के रूप में परिभाषित किया गया है जो **"पारंपरिक नियोक्ता-कर्मचारी संबंधों के बाहर ऐसी गतिविधियों से आय अर्जित करता है** जैसे- स्विगी, ज़ोमैटो, ओला, उबर, अर्बन कंपनी आदि विभिन्न प्लेटफॉर्मों या एग्रीगेटर्स के लिये अनुबंध पर कार्य करता

है"।

- **गिग वर्कर नियमित कर्मचारियों से भिन्न** होते हैं, क्योंकि उनके पास **लचीले काम के घंटे** तथा **आय के विभिन्न स्रोत** होते हैं।
  - उन्हें मासिक या घंटे के आधार पर नहीं, बल्कि **उनके द्वारा पूर्ण किये गए कार्यों या सेवाओं के आधार पर भुगतान** किया जाता है।
- गिग वर्कर विभिन्न सेवाएँ प्रदान करते हैं, जैसे-**भोजन वितरण, राइड-हेलिंग, घरेलू सेवाएँ, ई-कॉमर्स, सामग्री निर्माण, ग्राफिक डिज़ाइन, वेब के विकास** आदि।
  - वे अपना कार्य करने के लिये अपने स्वयं के **उपकरणों, वाहनों तथा औजारों का उपयोग** करते हैं।
- बोस्टन कंसल्टिंग ग्रुप और माइकल एंड सुसान डेल फाउंडेशन की एक रिपोर्ट के अनुसार, **भारत में गिग वर्कर्स की संख्या लगभग 15 मिलियन** होने का अनुमान है। **इनके वर्ष 2028 तक बढ़कर 90 मिलियन** होने की उम्मीद है।
- गिग इकॉनमी **एक मुक्त बाज़ार प्रणाली है जिसमें** सामान्यतः **अस्थायी पद** होते हैं और संगठन अल्पकालिक कार्यों के लिये स्वतंत्र वर्कर के साथ अनुबंध करते हैं।




- **सामाजिक सुरक्षा पर संहिता, 2020:**
  - सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 का उद्देश्य संगठित या असंगठित क्षेत्रों के सभी कर्मचारियों और वर्कर्स तक इसे विस्तारित करने के लिये **सामाजिक सुरक्षा से संबंधित कानूनों में संशोधन तथा समेकित करना है।**
  - **संहिता को** केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचना के माध्यम से आकार-सीमा के अधीन प्रतिष्ठानों **पर लागू किया जा सकता है।**
  - असंगठित वर्कर्स, गिग वर्कर्स एवं प्लेटफॉर्म वर्कर्स के लिये **केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा अलग-अलग सामाजिक सुरक्षा कोष**

**स्थापित किये जाएंगे।**

- **असंगठित वर्करस, गिग वर्करस और प्लेटफॉर्म वर्करस** के लिये पंजीकरण प्रावधान निर्दिष्ट हैं।
- इन श्रेणियों के वर्करस के लिये योजनाओं की सिफारिश और निगरानी के लिये एक **राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा बोर्ड** की स्थापना की जाएगी।
- गिग वर्करस और प्लेटफॉर्म वर्करस की योजनाओं के लिये धनराशि**केंद्र तथा राज्य सरकारों के साथ-साथ प्रवर्तकों के योगदान से प्राप्त की जा सकती है।**
- कुछ अपराधों के लिये दंड कम कर दिया गया है, जिसमें निरीक्षकों के कार्य में बाधा डालना और गैर-कानूनी तरीके से वेतन काटना शामिल है।
- **महामारी** के दौरान केंद्र सरकार नियोक्ता और कर्मचारी योगदान **[कर्मचारी राज्य बीमा (ESI) और** [भविष्य निधि (PF)](#) के तहत**]** को तीन महीने तक के लिये स्थगित या कम कर सकती है।

## यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

**प्रश्न.** भारत में महिलाओं के सशक्तीकरण की प्रक्रिया में 'गिग इकॉनमी' की भूमिका का परीक्षण कीजिये। (2021)

## स्रोत: द हिंदू

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-platform-based-gig-workers-registration-and-welfare-bill,-2023